नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 किसानों का 2 लाख तक कृषि कर्ज माफ


4 जॉर्ज, शरद, लालू और अब समाजवादी नीतीश


9 भारत को रूस तेल पर 30 दिन की छूट


8 फाइनल में खेलना बेहतरीन पलों में एक

# अनुज अग्निहोत्री यूपीएससी टॉपर

## परिणाम घोषित: टॉप 10 में मध्यप्रदेश के 2 कैंडिडेट


1 अनुज (राजस्थान)


2 राजेश्वरी (तमिलनाडु)


3 एकांश (चंडीगढ़)


4 राघव (बिहार)


5 ईशान (मध्यप्रदेश)

### 958 उम्मीदवारों की सिफारिश की

**नई दिल्ली, 06 मार्च. संघ लोक सेवा आयोग ( यूपीएससी ) ने सिविल सेवा परीक्षा ( सीईसी ) 2025 का अंतिम परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया. इस वर्ष विभिन्न अखिल भारतीय और केंद्रीय सेवाओं में नियुक्ति के लिए कुल 958 उम्मीदवारों की सिफारिश की गई है, जिनमें 659 पुरुष और 299 महिलाएं शामिल हैं.**

यूपीएससी के अनुसार सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 25 मई 2025 को आयोजित की गई थी. इस परीक्षा के लिए 9 लाख 37 हजार 876 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5 लाख 76 हजार 793 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए. इसके बाद अगस्त 2025 में आयोजित लिखित (मुख्य) परीक्षा में बैठने के लिए 14 हजार 161 उम्मीदवारों ने योग्यता प्राप्त की. मुख्य परीक्षा के बाद 2,736 उम्मीदवारों को व्यक्तित्व परीक्षण (इंटरव्यू) के लिए बुलाया गया था. अंतिम परिणाम के आधार पर विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए कुल 958 अभ्यर्थियों की अनुशंसा की गई है. इस वर्ष की परीक्षा में अनुज अग्निहोत्री ने पहला स्थान हासिल किया है. उन्होंने चिकित्सा विज्ञान को वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर परीक्षा उत्तीर्ण की.

दूसरे स्थान पर राजेश्वरी सुवे एम रहीं, जिन्होंने अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई से इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीई किया है और समाजशास्त्र को वैकल्पिक विषय के रूप में चुना. तीसरा स्थान अकांश ढुल को मिला, जो दिल्ली विश्वविद्यालय से बी.कॉम स्नातक हैं और उन्होंने वाणिज्य एवं लेखांकन को वैकल्पिक विषय के रूप में लिया था. चौथे स्थान पर राघव झुनझुनवाला रहे, जिन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र (ऑनर्स) में स्नातक किया है और अर्थशास्त्र को ही वैकल्पिक विषय चुना. आयोग के अनुसार शीर्ष 25 उम्मीदवारों की शैक्षणिक पृष्ठभूमि देश के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे आईआईटी, एनएलयू, एम्स, डीटीयू, अन्ना विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय और मुंबई विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग, मानविकी, विज्ञान, वाणिज्य, कानून, चिकित्सा विज्ञान और जनसंचार जैसे विषयों में स्नातक स्तर की रही है.

### मैं लोगों से बात कर सीखने की कोशिश करता था

यूपीएससी ने सिविल सर्विस एग्जाम 2025 में चित्तौड़गढ़ के रावतभाटा के डॉ. अनुज अग्निहोत्री ने ऑल इंडिया टॉप किया है. डॉ. अनुज पहले भी यूपीएससी एग्जाम क्लियर कर चुके हैं. अनुज को 2023 में पहले प्रयास में एसडीएम दिल्ली और केंद्र शासित प्रदेश सेवा आवंटित हुई थी. उन्हें दिल्ली में एसडीएम के पद पर नियुक्ति मिली थी. उन्होंने दिसंबर 2024 में ज्वॉइन किया था. दूसरे प्रयास में यूपीएससी मेंस परीक्षा पास की, लेकिन इंटरव्यू में चयन नहीं हुआ. यह उनका तीसरा अटेम्प्ट है. डॉ. अनुज ने कहा- मुझे अगर अभी सफलता नहीं मिलती तो मैं अगले प्रयास की तैयारी कर रहा होता. ये एक प्रोसेस है और उसमें उतार-चढ़ाव आते रहते हैं. आज मैं सफल हो गया तो बहुत आसान लग रहा है. मैं लोगों से बात कर सीखने की कोशिश करता था. अगर मुझे इंटरव्यू के दौरान किसी गाने के बारे में कहा जाता तो मैंने इसके लिए तैयारी की हुई थी. मैंने मुझको भी तो लिफ्ट करा दे गाना सोच रखा था.

### धार जिले के पक्षल सेक्रेटरी ने 8वीं रैंक हासिल की

### भोपाल के ईशान की 5वीं रैंक

- 4 धार के पक्षल की 8वीं रैंक
- 4 अशोकनगर के चितवन को 17वीं रैंक

टॉप 5 रैंक भोपाल के ईशान भटनागर को मिलीं, जबकि धार जिले के पक्षल सेक्रेटरी ने 8वीं रैंक हासिल की है. अशोकनगर के चितवन जैन ने यूपीएससी 2025 परीक्षा में 17वीं रैंक हासिल की. वहीं खंडवा की रूपल जायसवाल ने 43वीं रैंक हासिल की है. पिछली बार उन्हें 512वीं रैंक मिली थी, लेकिन उन्होंने ज्वॉइन नहीं किया था. नरसिंहपुर जिले के तेंदूखेड़ा की सब-डिविजनल रेवेन्यू ऑफिसर पूजा सोनी ने 249वीं रैंक हासिल की है. सतना की भूमिका जैन ने 331वीं रैंक हासिल की है. वह आईआरएस बनी हैं. वे कृष्णानगर के कपड़ा बिजनेसमैन मनोज जैन और सृष्टि जैन की बेटी हैं. भूमिका की सफलता से पूरे परिवार और कम्युनिटी में खुशी की लहर है. गुना जिले के कुंभराज की देवांगी मीणा ने 236वीं रैंक हासिल की. 2024 में उन्होंने 764वीं रैंक हासिल की और आईआरएस ऑफिसर बनीं.


- 4 अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जंग का सातवां दिन
- 4 ईरान ने इजराइल के खिलाफ मिसाइलों की 22वीं खेप दागी
- 4 ईरान में 100 बम गिराकर अंडर ग्राउंड मिलेट्री बंकर को ध्वस्त किया

# बिना शर्त सरेंडर करे ईरान : ट्रंप

**तेहरान/येरुशलम, 06 मार्च. अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच सातवें दिन शुक्रवार को भी जंग जारी रही. अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का रुख ईरान के खिलाफ नरम नहीं हो रहा है. उन्होंने दो टूक कहा कि बिना शर्त सरेंडर के अलावा ईरान के साथ कोई डील नहीं होगी. ईजराइल ने 50 फाइटर जेट्स से 100 बम गिराकर खामेनेई के अंडर ग्राउंड मिलेट्री बंकर को ध्वस्त कर दिया.**

अमेरिका ने मिनटमैन III इंटरकॉन्टिनेंटल मिसाइल का परीक्षण किया. ईरान ने इजराइल के खिलाफ मिसाइलों की 22वीं खेप दागी है. साथ ही कुवैत में मौजूद अमेरिकी सैन्य बेस को सुसाइड ड्रोन से निशाना बनाकर हमला करने का दावा किया है.

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 की 22वीं लहर के तहत इजराइल के कब्जे वाले क्षेत्रों के अंदरूनी हिस्सों को निशाना बनाया गया. इस दौरान खोर्रमशहर-4, खैबर और फत्ताह जैसी उन्नत मिसाइलें दागी गईं. वहीं, इजराइल और अमेरिका ने ईरान के रिहायशी इलाकों पर बमबारी कर करीब 400 घरों को निशाना बनाया.

### कैसी है मिनटमैन III मिसाइल

मिनटमैन III को प्रलयकारी मिसाइल माना जाता है. यह एक सिंगल मार्क-21 हाई-फिडेलिटी री-एंट्री व्हीकल से लैस है और अमेरिका की एकमात्र साइलो-आधारित, भूमि-स्थिर परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल है. यह तीन स्वतंत्र युद्धक एक साथ ले जा सकती है, जो अलग-अलग दिशाओं में उड़ सकते हैं. एक बार दागे जाने पर इसके विकिरण के व्यापक प्रसार के कारण लक्ष्य क्षेत्र अत्यधिक असुरक्षित और रहना मुश्किल हो सकता है.


### आखिरी गोली और सैनिक तक विरोध करेगा ईरान



ईरानी डिप्टी विदेश मंत्री सईद खतीबजादेह ने दिल्ली में आयोजित रायसीना डायलॉग 2026 में शुक्रवार को भाग लिया. उन्होंने कहा है कि तेहरान के पास अमेरिकी और इजरायली हमले के खिलाफ वीरतापूर्ण राष्ट्रवादी बचाव करने के अलावा कोई ऑप्शन नहीं है, उन्होंने कसम खाई कि देश आखिरी गोली और आखिरी सैनिक तक विरोध करेगा. उन्होंने कहा- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान में नेतृत्व बदलने की बात करते हैं, जबकि वे अपने ही देश में न्यूयॉर्क के मेयर तक नियुक्त नहीं कर सकते.

# कृषि क्षेत्र को नई ऊर्जा से भरना जरूरी : मोदी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वेबिनार में कहा
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी लिया भाग



**नई दिल्ली, 06 मार्च. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 'कृषि और ग्रामीण परिवर्तन' पर बजट के बाद आयोजित वेबिनार को संबोधित किया और उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र को नई ऊर्जा से भरना जरूरी है.**

इस साल के बजट में इस दिशा में नए प्रयास हुए हैं और मुझे विश्वास है कि वेबिनार में हुई चर्चा व इससे निकले विचार बजट प्रावधानों को जल्द से जल्द जमीन पर उतारने में मदद करेंगे.

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि दुनिया के बाजार खुल रहे हैं और ग्लोबल डिमांड बदल रही है. इस वेबिनार में अपनी खेती को एक्सपोर्ट ऑरिएंटेड बनाने पर भी ज्यादा से ज्यादा चर्चा जरूरी है. हमारे यहां अलग-अलग तरह का क्लाइमेट है और हमें इसका पूरा फायदा उठाना चाहिए. हमारे यहां एग्रो-क्लाइमेटिक जोन बहुत ज्यादा हैं. उन्होंने कहा कि बजट में हमने हाई वैल्यू एग्रीकल्चर पर फोकस किया है... 4 शेष पेज 9 पर

### पीएम मोदी कल दिल्ली को देंगे सौगात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को दिल्ली में 33,500 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे. इस अवसर पर वह उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे. कार्यक्रम से पहले प्रधानमंत्री सरोजिनी नगर में सामान्य पूल आवासीय परिसर (जीपीआरए) में प्रकार-5 क्वार्टर का दौरा करेंगे और महिला आवंटियों को चाबी सौंपेंगे.

# बालेन शाह के पक्ष में आंधी

## विपक्ष कर रहा है कुछ सीटों के लिए संघर्ष

**काठमांडू, 06 मार्च मार्च ( वार्ता ) नेपाल में पूर्व उप प्रधानमंत्री रवि लामिछाने और जेन जी आंदोलन से चर्चित हुए बालेंद्र शाह( बालेन )के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ( आरएसपी ) भारी बहुमत की तरफ बढ़ती दिख रही है.**

नेपाल चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार जिन 165 सीटों पर चुनाव हुए हैं उनमें से अब तक 150 संसदीय क्षेत्र के नतीजे एवं रुझान सामने आए हैं, इनमें से आरएसपी 106 सीटों पर वह आगे चल रही है और दो सीटें जीत चुकी है.

नेपाली कांग्रेस पार्टी 9 सीटों पर आगे चल रही है और दो सीट जीत चुकी है. इसके अलावा नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी) 10 सीटों पर आगे चल रही है जबकि नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी 7 सीटों पर आगे चल रही है और एक सीट जीत चुकी है.

# निर्दयी ताऊ ने भतीजा-भतीजी को उतारा मौत के घाट

- पुलिस ने दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

**सीहोर, 06 मार्च. जिले के थाना सिद्धिकगंज अंतर्गत आने वाले ग्राम धर्मपुरी में एक निर्दयी ताऊ ने अपने छोटे भाई के दो बच्चों को लाठियों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया.**

पुराने पारिवारिक विवाद के चलते ताऊ ने अपने बेटे के साथ उस वक्त वारदात को अंजाम दिया, जब उसका भतीजा और भतीजी परीक्षा देने सिद्धिकगंज जा रहे थे. पुलिस ने हत्यारोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार सीहोर जिले के सिद्धिकगंज थानातंर्गत आने वाले ग्राम धर्मपुरी निवासी जगदीश मालवीय का 18 वर्षीय पुत्र कुलदीप अपनी 20 वर्षीय बहन के साथ वार्षिक परीक्षा देने से बाइक से सिद्धिकगंज जा रहा था.

ट्रेनिंग | पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत विषय वक्ता कार्यशाला

# प्रशिक्षण से तय होता है कैसा हो बीजेपी का कार्यकर्ता

**भोपाल, 06 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रशिक्षण महाअभियान के पश्चिम मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रभारी केसी पटेल ने शुक्रवार को भोपाल के रविन्द्र भवन में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आयोजित विषय वक्ता कार्यशाला को संबोधित किया.**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता कैसा होना चाहिए, यह प्रशिक्षण से तय होता है. प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की ताकत से भाजपा ने देश को अजेय बनाने का संकल्प लिया है. कांग्रेस से जुड़े महामना पं. मदन मोहन मालवीय ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना कर रहे थे और कांग्रेस पार्टी सोमनाथ मंदिर को नकार रही थी. यह कांग्रेस की विचारधारा के अंतर्विरोध को दर्शाता है.

### बीजेपी ने विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया : खंडेलवाल

प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि हमारी पार्टी ने अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया. विचारधारा और कार्यपद्धति के बल पर भाजपा देश में सबसे आगे रहते हुए विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनी है. हम सत्ता के लिए नहीं, बल्कि विचारधारा के लिए जाने जाते हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश विकास की राह पर... 4 शेष पेज 9 पर

